# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत



32 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह-2023 की शुरूआत हुई।

**रामगंजमंडी**(निसं)।भारत सरकार व राजस्थान सरकार के आदेशानुसार प्रशासन,पुलिस व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा 32 वां राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह-2023 11 जनवरी 2023 से 17 जनवरी 2023 तक आयोजित किया जा रहा है।

जिसके तहत बुधवार दिनांक 11 जनवरी 2023 को रामगंजमंडी के पन्नालाल चोराहे पर पुलिस व परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 32 वां राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के आयोजन का शुभारम्भ किया गया।कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी रामचरण मीणा ने लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की

- **लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की**

जानकारी दी तथा सुरक्षा नियमों का पालन करने अपील करते हुए बताया कि विश्वभर में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट भारत में होते हैं। एक्सीडेंट्स रिपोर्ट के अनुसार विश्व भर में 12 एक्सीडेंट भारत में होते है। इसका कारण वाहनों को चलाने में लापरवाही है।ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं होती है।देश में हर 3 मिनट में एक्सीडेंट से मौत होती है।कई चालक बेखौफ होकर बिना हेलमेट,शराब के नशे में वाहनों को चलाते है। जिससे एक्सीडेंट के मामले बढ़ रहे है। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, वाहन चालक तथा आमजन मौजूद थे। जिला परिवहन अधिकारी ने सडक सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। जिसमें चौराहे पर उपस्थित वाहन चालकों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागृत किया गया।

इसी प्रकार जो वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करते हुए पाये गये उनको भविष्य में भी यातायात के नियमों की पालना करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह सडक सुरक्षा सप्ताह उपलब्ध संसाधनों के अनुसार दिनांक 17 जनवरी 23 तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें रामगंजमंडी क्षेत्र के वाहन चालकों व आमजनता को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागृत किया जायेगा।

## सार-समाचार

### सिलिकोसिस शिविर आयोजित



**झालावाड़** (निसं)। पंचायत समिति झालरापाटन की ग्राम पंचायत सलोतिया के ग्राम नाहरसिंघी में बुधवार को स्वास्थ्य एवं खान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिलिकोसिस कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में लगभग 37 श्रमिकों का मेडिकल चैकअप किया गया जिनमें से 34 पुरूष एवं 3 महिलाएं थी। चैकअप उपरान्त एक श्रमिक को मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर किया गया। इस दौरान श्रमिकों को विभाग की ओर से मास्क का वितरण भी किया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज से डॉ. मयंक शर्मा, खान विभाग से खनि अभियंता प्रभुलाल सरोया, सहायक लेखाधिकारी यशपाल चौहान, फोरमेन प्रदीप तिवारी, सर्वेयर दिनेश अहीर उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े रुपयों से भरा बैग गायब

**रामगंजमंडी** (निसं)। शहर के व्यस्ततम प्रमुख बाजार से बाइक पर टंगा रुपयों से भरा थैला गायब हो गया जिसमें 90 हजार की नगद राशि थी। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज देखें और संदिग्ध की तलाश में शहर में घूम कर जांच पड़ताल की। लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया पुलिस ने बताया कि शहर के रैदास कॉलोनी में रहने वाले कालूराम कोली बुधवार दोपहर एसबीआई की बाजार नंबर 1 में स्थित शाखा पर 90 हजार रुपए की राशि निकलवाने पहुंचे राशि निकलवाने के बाद बैग में रखकर बैंक से बाहर निकले बाइक पर बैग लटका कर पंजाबी गली मैं कन्फेक्शनरी की दुकान पर कुछ सामान खरीद के लिए पहुंचे रुपयों से भरा बैग बाइक पर छोडकर दुकान पर खरीदारी करने लग गए खरीदारी कर वापस जब बाइक के पास पहुंचे तो रुपयों से भरा बैग गायब था।शोर-शराबे के बाद आसपास के दुकानदार भी एकत्रित हुए पुलिस को सूचना देने पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए।पुलिस टीम ने एसबीआई शाखा के सीसीटीवी फुटेज देखे दुकानदारों के कैमरे फुटेज में नजर आ रहे दो किशोर एसबीआई की शाखा में प्रवेश करते हुए भी नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद स्पष्ट हो गया कि रुपयों से भरा बैग गायब करने वाले गिरोह के सदस्यों ने वारदात को अंजाम देने से पहले रेकी की और वह बैंक से ही पीछे लग गए और पंजाबी गली में पहुंचने पर वारदात को अंजाम दिया।

### संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया

**रावतभाटा,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 9 नवंबर से 20 दिसंबर 2022 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत 5 जनवरी 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। जिले की पांच विधानसभाओं में प्रारूप प्रकाशन पर कुल 13 लाख 45 हजार 948 मतदाता हैं। इसमें 46 हजार 269 मतदाता 1 जनवरी को, 2 हजार 390 मतदाता 1 अप्रैल को, 3 हजार 596 मतदाता 01 जुलाई को एवं 3 हजार 638 मतदाता 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। अर्हता पूर्ण करने पर इनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीतेश श्रीमालवीय ने बताया कि 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अथवा 1 अप्रैल, 1 जुलाई या 1 अक्टूबर 2023 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा जिन्होंने अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं करवाया है। वे अब भी निरंतर अद्यतन प्रक्रिया के तहत अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करवा सकते हैं। इस हेतु अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी के पास जाकर अथवा ऑनलाइन एनवीएस पोर्टल पर जाकर अपने मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन कराते हुए आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर उसके माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता हैं।

### पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग

**छबड़ा,** (निसं)। राजस्थान विद्युत उत्पादन मजदूर यूनियन इंटक एवं विद्युत कर्मचारी, अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में अधिकारियों, कर्मचारियो व अभियंताओ ने बुधवार को विरोध-प्रदर्शन कर मुख्य अभियंता वीके वाजपेयी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रदेश महामंत्री विक्रमसिंह मीणा के अनुसार विद्युत निगमों में कार्यरत कर्मचारियो को पुरानी पेंशन स्कीम लागू किए जाने, एक जनवरी 2004 से पूर्व के लगभग 2500 सीपीएफ धारको को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने, कनिष्ठ अभियंताओ को ग्रेड पे 4800 दिए जाने, छबड़ा प्लांट के तकनीकी कर्मचारियों के 3600 ग्रेड पे स्वीकृत किए जाने की मांग की। इंटक के दीपक माथुर व पॉवर इंजीनियर एसोशियशन से गौरव कुमार वर्मा, चंद्रकांत भारतीय मजदूर संघ से रत्नेश राठी व पवन सुमन ने बताया कि जब सरकार ने राज्य मे सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की है, तो बिजली निगम को इससे अछूता क्यो रखा गया है। जबकी बिजली निगम राज्य की अतिआवश्यक सेवाओ की श्रेणी में आता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व अभियंता मौजूद रहे।

### बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था पर रोष व्यक्त

**बूंदी** (निसं)। हिन्दू टाईगर फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री बालाजी धाम आश्रम के संस्थापक लाखन सिंह ने बूंदी की बदहाल ट्राफिक व्यवस्था पर गहरा रोष व्यक्त किया है। सिंह ने बताया कि बूंदी शहर के समस्त मार्ग आड़े तिरछे व बेतरतीब खड़े करने से शहर का सौंदर्य खराब हो चुका है वही कोटा रोड पर दुकानदारों द्वारा दुकान के अतिरिक्त दस दस फुट का अतिक्रमण करने से दोनों ओर के रोड सिकुड़ गए है। वही सब्जी मंडी रोड से के.एन.सिंह चौराहे व कंट्रोल रूम के बाहर भी अवैध वाहनों की पार्किंग से दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है ,साथ ही खोजागेट रोड, लंका गेट ,मंडी रोड़, बहादुर सिंह सर्किल व सभी स्थानों के साथ साथ बाय पास रोड पर खड़े ट्रकों से भी दुर्घटना का अंदेशा रहता है। इन ट्रकों के कारण विकास नगर में आने जाने के सभी मार्ग अवरुद्ध हो रहे है,वही बूंदी में नगर परिषद के वरिष्ठ पार्षद द्वारा शहर की बेशकीमती भूमियों पर अतिक्रमण करवाया जा रहा है जो अनैतिक है, बूंदी बायपास पर अवैध रूप से अनगिनत बोडिया व छोटे छोटे अतिक्रमण लगातार बढ़ते जा रहे है जो शहर के सौंदर्य व शांति को भंग कर रहे है।

### पुण्यतिथि पर रक्तदान किया

**बूंदी** (निसं)। ब्लड डोनर नर्सिंग ऑफिसर रामलक्ष्मण मीणा रक्तदान जीवनदान टीम संयोजक व संस्थापक ने बताया कि मनोज मीणा ग्राम अजेता शिक्षा विभाग में जिला चित्तौड में अध्यापक के रूप में कार्यरत है और रक्तदान जीवनदान टीम बूंदी से जुडा हुआ है। पिताजी की पुण्यतिथि पर रक्तदान करने का मन में विचार आने पर रामलक्ष्मण मीणा से रक्तदान संबंधित बातचीत की। रामलक्ष्मण मीणा ने चित्तौडगढ़ जिले में अपने दोस्त देव शर्मा से संपर्क किया और स्वर्गीय मदन लाल जी की 22 वी पुण्यतिथि पर 6 जनों ने रक्तदान किया जिसमें पुत्र मनोज मीणा व मनोज कुमार यादव राजस्थान पुलिस ,अभय कुमार मीणा कंपाउंडर, महेंद्र वर्मा अध्यापक ,गोविंद मीणा, कुलदीप गुर्जर ने सांवरिया हॉस्पिटल चित्तौड में जाकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। 2021 में स्व मदन लाल जी की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 326 यूनिट रक्तदान हुआ था। पुत्र लोकेश मीणा व मनोज मीणा ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर बूंदी और चित्तौड़गढ़ में फल वितरण व गायों को चारा डाला गया।

### धर्म कुमार मीणा को पितृ शोक

**अंता** (निसं)। नगरपालिका अंता के अधिशाषी अधिकारी धर्म कुमार मीणा के पिता जी हरिशंकर मीणा का बुधवार को असामयिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार माथना में किया गया। अंतिम यात्रा में नगरपालिका अंता के कई कर्मचारी व पार्षद भी शामिल हुए। नगरपालिका अंता के अधिशाषी अधिकारी धर्म कुमार मीणा के पिताजी के निधन के समाचार मिलने पर नगरपालिका सहित कस्बे में शोक की लहर छा गई। उनके निधन पर नगरपालिका के चेयरमैन मुस्तुफा खान वाईस चेयरमैन चंद्र प्रकाश मीणा भाजपा के नगर अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल सतीश गौतम सहित अजय मेहता संतोष गालव महेश सिंघल रामराज बागडी नरेन्द्र नंदवाना कार्यालय प्रभारी मंत्री प्रमोद जैन भाया ने गहरा शोक प्रकट करते हुए आत्मा को शांति प्रदान कर ने तथा परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## युवा पखवाड़े का आयोजन

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष में 11 व 12 जनवरी को जल संसाधन सिंचाई विभाग की आरपीएस कॉलोनी स्थित बाल मंदिर स्कूल में युवा पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, दौड़, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिता होगी। बुधवार को आयोजित क्रिकेट मैच में आरबीटी की टीम 17 रन से विजेता रही। वहीं दूसरे चरण में कबड्डी मैच में धावदकला की टीम 7 पॉइंट से विजेता रही। तत्पष्चात महिला कबड्डी का आयोजन किया गया, जिसमें 6 अंक से ममता गुर्जर की टीम विजेता रही। खो-खो मे रानी लक्ष्मीबाई टीम विजेता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मंजूलता जगंम व राजकीय महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल जाट रहे।

## राजस्थान विद्युत कर्मचारी, अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति का प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान विद्युत कर्मचारी, अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति जयपुर के आव्हान पर बुधवार को राजस्थान प्रसारण निगम सर्किल ऑफिस सकतपुरा पर सभी कर्मचारी, अधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे।

ओल्ड पेंशन स्कीम सहित अन्य पांच सूत्री मांगों को लेकर सचिव प्रशासन (ऊर्जा विभाग) के नाम अधीक्षण अभियंता प्रसारण निगम को ज्ञापन सौंपा गया। सभी वक्ताओं ने कहा विद्युत विभाग के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है आवश्यक सेवा होने के बाद भी ओल्ड पेंशन न मिलने से कर्मचारी हताश है। जबकि गहलोत सरकार ने राज्य के कई विभाग में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की है। राजस्थान विद्युत प्रसारण मजदूर कांग्रेस (इंटक) प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल धाप, हेमंत दाधीच, के. जी मोदी, कन्हैया सुमन, राजस्थान विद्युत प्रसारण श्रमिक संघ प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र हाड़ा, अमित शर्मा, दशरथ चौहान, आरएसईबी इंजीनियर एसोसिएशन रघुनंदन गोचर आदि ने विद्युत विभाग की सभी यूनियनों ने संयुक्त रूप से एकता दिखाई। योगेंद्र हाड़ा ने 18 जनवरी को विद्युत भवन पर अधिक से अधिक कर्मचारी, अधिकारी को धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने के लिए कहा।

पांच सूत्री मांग पत्र-ओल्ड पेंशन स्कीम पाँचों विद्युत निगमों में कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा राजस्थान सरकार की भांति दी जाये। तीनों विद्युत वितरण निगमों में कार्यरत कर्मचारियों के इन्टर डिस्कॉम स्थानान्तरण किये जाये। पांचों विद्युत निगमों को समायोजित कर पुनः छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सरकार की भांति राजस्थान राज्य में राजस्थान बिजली विभाग का गठन किया जावें। अधिमानता के आधार पर सैकण्डरी पास को कनिष्ठ लिपिक पद पर पदस्थापित किया जाए।

पांचों विद्युत निगमों में नियुक्त आई०टी०आई० योग्यता धारकों को टेक्नीकल हैल्पर से टेक्नशियन किया जाए टाईम बाउण्ड प्रमोशन का लाभ नियुक्ति दिनांक से दिया जाए। कनिष्ठ अभियन्ता, इंजीनियरिंग, सुपरवाईजर एवं समकक्ष पद को ग्रेड पे 4800 दिया जाये।

## कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने निर्देश दिए हैं कि राजस्व अधिकारी राजस्व कार्यों का निष्पादन समयबद्धता के साथ करें, आमजन को प्रभावित करने वाले कार्यों का त्वरित निस्तारण करें तथा राजस्व अर्जन के लक्ष्यों को समय सीमा में प्राप्त करें।

जिला कलक्टर ने बुधवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिऐं। उन्होंने कहा कि उपखण्ड क्षेत्रों में खनन गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। चैकपोस्ट की व्यवस्थाएं दुरूस्त रहे और निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। आवश्यकता अनुसार संदिग्ध क्षेत्रों में संयुक्त द्वारा निरीक्षण कराया जाए।

लम्बित राजस्व प्रकरणों का निस्तारण अभियान के तौर पर किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन राजस्व संबंधी छोटे-छोटे कार्यों के लिए परेशान ना हों। राज्य सरकार की फ्लैगशिप एवं अन्य योजनाओं में पात्र लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। चिरंजीवी योजना में कोई पात्र नहीं छूटे, यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनटिरिंग के साथ राजस्व कार्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए राजस्व टीम को मजबूत करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि नोनेरा बांध के डूब क्षेत्र में आने वाले तथा चम्बल नदी में बाढ़ से प्रभावित गावों में प्रभावित परिवारों का सर्वे कर रिपोर्ट एवं आबादी विस्तार के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाए जाएं। आवासहीन परिवारों के लिए भूमि के लिए तथा कब्जे के प्रकरणों में नियम सम्मत और वाजिब कार्रवाई करते हुए प्रभावितों को राहत दी जाए।

अनावश्यक तौर पर प्रकरणों का लम्बित नहीं रखें। शिक्षा सारथी अभियान की चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि यह अभियान राजकीय विद्यालयों के सम्बलन के लिए शुरू किया गया है।

इसके लिए उपखण्ड अधिकारी गण अपने-अपने क्षेत्रों में भामाशाहों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय की गतिविधियों से उन्हें जोड़ा जाए तथा आर्थिक सहयोग के लिए प्रोत्साहित करें ताकि विद्यालयों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

पूर्व विद्यार्थियों को विद्यालयों से जोड़ा जाए, उन्हें आमंत्रित किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ममता तिवारी, एसडीएम रामगंजमण्डी कनिष्क कटारिया, सांगोद राजेश डागा, कोटा दीपक मित्तल, दीगोद एचडी सिंह, इटावा अंजना सहरावत सहित जिले के राजस्व अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ज्ञापन सौंपा

**बूंदी** (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जयपुर राजस्थान के प्रदेश व्यापी आव्हान पर बूंदी जिले के कर्मचारी ने एकजुटता का सन्देश देते हुए जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी सोहनलाल को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने उपखंड अधिकारी को बताया कि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के 15 सूत्री मांग पत्र की मांगों पर 16 नवंबर 2022 से लगातार महासंघ सरकार को विभिन्न प्रकार के ज्ञापन देकर चेताता आ रहा है लेकिन सरकार महासंघ की मांगों की अनदेखी कर विभिन्न प्रकार के घटक संगठनों की सरकार के साथ सहमति तथा समझौतों को लागू करने में आनाकानी कर रही है ,जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। महासंघ की 15 सूत्री मांगे जिसमे प्रत्येक कर्मचारियों को समय पद पदोन्नित नहीं होने की स्थिति में 7, 14, 21, 28,32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नित के पद का वेतनमान स्वीकृत किया जाए।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल बेहद जरूरी : जिला प्रमुख



प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

**बूंदी** (निसं)। 66वीं राज्य स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालयी छात्र-छात्रा (14 वर्ष) स्पीड बॉल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को हायर सैकेण्डरी स्कूल प्रांगण में हुआ।

जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर ने ध्वज चढाकर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलो से आए खिलाड़ियों का स्वागत भी किया। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में राजस्थान के 22 जिलों के खिलाडी भाग ले रहे है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर रही। अध्यक्षता नगर परिषद सभापति मधु नुवाल ने की। कार्यक्रम में अरबन कॉपरेटिव बैंक चेयरमेन सत्येश शर्मा, स्पीड बॉल संघ प्रदेश अध्यक्ष भरत शर्मा, जिला वक्फ बोर्ड चेयरमेन इकरामुद्दीन बबलू, नगर परिषद पार्षद लोकेश ठाकुर व सर्वोदय ग्रुप अध्यक्ष एजी मिर्जा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल बेहद जरूरी है। खेलकूद से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और सर्वांगीण विकास के लिए भी खेल जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं।नगर परिषद सभापति मधु नुवाल ने कहा कि राज्य में पहली बार स्पीड बॉल का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी बूंदी जिले को मिली है। ग्रामीण ओलंपिक के सफल आयोजन के बाद अब राज्य सरकार द्वारा 26 जनवरी से शहरी ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से शहरी क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्राप्त होगा। अरबन कॉपरेटिव बैंक चेयरमेन सत्येश शर्मा ने कहा की ग्रामीण ओलपिंक के बाद शहरी ओलपिंक के आयोजन तथा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं से खेलों के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो रहा है। राज्य में खिलाड़ियों का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित हुआ हैं। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि बूंदी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित 5 दिवसीय 66वीं राज्य स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालयी छात्र-छात्रा स्पीड बॉल खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य के 22 जिलों के 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार जोशी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश गोस्वामी, अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी उदयलाल मेघवाल, तिलक विद्या पीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संयोजक जावेद अहमद आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### रामगंजमंडी से सम्मेद शिखर तीर्थ की वंदना हेतु 200 यात्रियों का दल रवाना

**रामगंजमंडी** (निसं)।शहर से प्रभु के जयकारों के साथ 200 यात्रियों का समूह बुधवार को पारसनाथ एक्सप्रेस सम्मेद शिखर तीर्थ को 20 तीर्थंकरों की निर्वाण भूमि वंदना हेतु रवाना हुआ। जहां समाज जनों ने एवं वीर जैन सोशल ग्रुप रामगंजमंडी ने समस्त तीर्थ यात्रियों का तिलक व माला पहनाकर अभिनंदन कर सभी यात्रियों की मंगल यात्रा की कामना की।यह मंगल यात्रा रामगंजमंडी नगर के भामाशाह श्रावक श्रेष्टि संतोष बाई, सुरेश कुमार रेखा, सिद्धार्थ कुमार पूजा बाबरिया (दोतड़ा वाला) परिवार की ओर से हो रही है। इस परिवार द्वारा चौथी बार शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखरजी की तीर्थ वंदना करवाई जा रही है। जब यात्री बुधवार की बेला में पारसनाथ एक्सप्रेस से रवाना हुए पूरा रामगंजमंडी स्टेशन पारसनाथ भगवान के जयकारों से जैन धर्म की जय कारों से गुंजायमान था संपूर्ण वातावरण भक्ति से ओतप्रोत था। मौजूद सभी लोगों ने भावभीनी शुभकामना के साथ विदाई दी।जैसे ही ट्रेन कोटा जंक्शन पर पहुंची तो नितिन पटवारी द्वारा यात्रा संघ पति सुरेश कुमार बाबरिया का तिलक माला व सरोपा पहनाते हुए भाव भीना स्वागत किया व मंगल यात्रा की कामना की।

### जिला कार्यकारिणी का गठन किया

**बूंदी** (निसं)। डॉ आंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) जिला बूंदी की बैठक आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से डॉक्टर रणजीत खींची को अध्यक्ष एवं लोकेश कुमार राठौड़ को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। साथी किशन लाल वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस दौरान बूंदी जिले से घनश्याम मोहित को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कन्हैया लाल मेघवाल को विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करने पर अजाक के प्रदेशाध्यक्ष श्री राम चोरडीया पूर्व आईएएस एवं सत्यवीर सिंह पूर्व आईजी राजस्थान पुलिस का आभार व्यक्त किया। प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम बॉयस ने जिला कार्यकारिणी का आमंत्रण से काटते हुए अध्यक्ष एवं महासचिव बूंदी को आगामी 15 दिन में जिला कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में दिलीप राठौड़ शिवराज खींची, राजकुमार सागेला, शंभू दयाल मेहरा, वीरमदेव, शंकर डागर, राकेश सुहल, ओम प्रकाश वर्मा, जय लाल बेरवा, मोहनलाल, नंदलाल, अरविंद बोयत सुरेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। अंत में कन्हैया लाल मेघवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

**छबड़ा,** (निसं)। भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शंकरलाल नागर और प्रदेश महिला प्रमुख राममूर्ति मीणा के मुख्य आतिथ्य व तहसील अध्यक्ष कृष्णगोपाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। यहां किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यहां सर्वसम्मति से संगठन के विस्तार के लिए तहसील विधि प्रमुख एडवोकेट बृजभूषण शर्मा को बनाया गया है तथा तहसील क्षेत्र की 27 पंचायतों में पंचायत प्रमुख नियुक्त किए गए हैं, जो ग्राम समितियों का गठन कर संगठन के विस्तार को गति प्रदान करेगें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमृत मीणा, जिला गौ सेवा प्रमुख रामप्रसाद, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रणवीर सिंह, संग्रामसिंह, गजानंद लोधा, सर्जनसिंह, हरिशंकर नागर, नंदकिशोर नागर, नवल नागर, ऋषभ नागर, रामस्वरूप गुर्जर, लक्ष्मीनारायण आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नव मतदाता सम्मेलन पर चर्चा

**छबड़ा,** (निसं)। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रोहित नागर के मुख्य आतिथ्य व नगर अध्यक्ष रामधन भार्गव की अध्यक्षता में षंकर झरी मंदिर पर बैठक आयोजित की गई। यहां युवा मोर्चा के नव मतदाता सम्मेलन पर चर्चा की गई। महामंत्री दीपक सेन ने बताया की बैठक में जिलाध्यक्ष नागर ने बूथ संयोजक, सहसंयोजक बनाने पर विचार-विमर्ष किया एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। यहां नगर अध्यक्ष भार्गव ने सर्वसम्मति से विक्की मित्तल को महामंत्री, राजेंद्र गुर्जर को प्रवक्ता व हितेश, लव शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया। इस अवसर पर मीडिया संयोजक आकाश वैष्णव, उपाध्यक्ष देवेश राजा भार्गव, सुमित वर्मा, अजय शर्मा, नीरज शर्मा, मंत्री महावीर प्रजापत सहित केदार सुमन, कमल गौतम, सोनू सुमन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा,** (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर 15 सूत्री मांगों का आज तक कोई सकारात्मक समाधान नहीं होने से आक्रोशित पदाधिकारियों ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्रसिंह चौधरी एवं महामंत्री बनेसिंह ने बताया कि यदि समय रहते लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो मजबूरन आंदोलन को तेज करना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इस अवसर पर ओमप्रकाश मालव, बृजमोहन मालव, सुरेंद्र मीणा, मोरध्वज मेघवाल, पवन सुमन, जगदीश चंद्र, अनिल कुमार सोनी, हेमराज मीणा, भंवरलाल नागर, मोहम्मद अखलाक, पवन नागर एवं राजेश मीणा आदि मौजूद रहे।

### लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

**झालावाड़** (निसं)। जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ प्रवक्ता मोहम्मद शफीक खान ने कहा कि अति ईमानदार, वफादार आदर्शो के प्रति समर्पित और विवेकशील व्यक्ति का नाम लाल बहादुर शास्त्री है। प्रवक्ता ओम पाठक ने कहा कि उनकी नम्रता और सादगी ने उन्हें लाखों भारतीय का प्रिय बना दिया था। कार्यक्रम में नन्दलाल राठौर, राजकुमार शर्मा, संजिदा बेगम, जाहेदा बानो, मो. तौसिफ, सौहेल पठान, सद्दाम, राजेन्द्र वर्मा, शोकत अली मौजूद थे।

### बकाया भुगतान दिलाए जाने की मांग

**छबड़ा,** (निसं)। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विधायक सिंघवी को ज्ञापन देकर वर्ष 2019-20 के बकाया भुगतान दिलाए जाने की मांग की है। सोनिया वैष्णव, सुनीता, किरण बैरागी, सीमानी आदि ने बताया कि वर्ष 2019-20 के स्वयं सहायता समूह के पोषाहार के बिलों का भुगतान नहीं हुआ है। जिसके कारण उन्हें क परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों का किराया कम होने के कारण 5 से 6 वर्ष के बालको को भी पोषाहार वितरित नही किया जा रहा है। इसलिए मकान का किराया भी बढ़ाया जाए।

### जनसुनवाई आज

**झालावाड़** (निसं)। पंचायत समिति झालरापाटन के वीसी कक्ष में 12 जनवरी को प्रात: 11 बजे राज्य स्तरीय जन अभियोग निराकरण समिति के सदस्य राजेश गुप्ता करावन की अध्यक्षता में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ मनीषा तिवारी द्वारा दी गई।

### सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

**झालावाड़** (निसं)। 32वें सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत् बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर राधेश्याम डेलू द्वारा मिनी सचिवालय में कलेक्ट्रेट के सभी कार्मिकों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

### ऊनी कंबल व गर्म कपड़े बांटे

**छबड़ा** (निसं)। सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बुधवार को एसडीएम मनमोहन शर्मा व पालिकाध्यक्ष केसी जैन ने वार्ड 35 में गाड़िया लुहारो को ऊनी कंबल व गर्म कपड़े वितरित किए। जिससे इनके चेहरे खिल उठे। यहां पार्षद मनमोहन सेन, मुकेश पांचाल, गोविंद तिवारी सहित आदि उपस्थित रहे।

### बाल वाहिनी के संबंध में बैठक आज

**झालावाड़** (निसं)। छात्र-छात्राओं को विद्यालय से लाने ले जाने में प्रयुक्त बाल वाहिनी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर की अध्यक्षता में 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला परिवहन अधिकारी समीर जैन द्वारा दी गई।